दैनिक भास्कर

हापुड़ में नकली पनीर का भंडाफोड़:बिना लाइसेंस 756 किलो पनीर ले जा रही पिकअप पकड़ी, माल नष्ट किया

हापुड़ के पिलखुवा में खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई में नकली पनीर का भंडाफोड़ किया है। छिजारसी टोल प्लाजा के पास से विभाग की टीम ने एक बोलेरो पिकअप से 756 किलोग्राम नकली पनीर जब्त किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी गंगवार और आरपी गुप्ता ने रविवार देर रात यह कार्रवाई की। पिकअप चालक नीरज ढबारसी अमरोहा का निवासी है। उसके पास न तो पनीर का व्यापार करने का लाइसेंस था और न ही कोई जरूरी दस्तावेज मौजूद थे।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/hapud/dhaulana/news/fake-cheese-racket-busted-in-hapur-135386213.html